# 1 April 2020




**मित्रों**

**नमस्कार**

कल रांची मैं कोरोना का पहला केस आने के बाद आज रांची शहर मैं प्रसाशन की कठोरता के बाद हमें भी मूवमेंट्स मैं दिक्कत आई , पर प्रसाशन की यह कार्यवाही हमारी भलाई के लिए है। आप सब से अनुरोध है कि कृप्या लॉक डाउन की इस अवधि मैं घर पर रहें और परिवार के साथ अपना समय व्यतीत करें।

क्लब के प्रेसिडेंट **राजेश शाहदेव** , क्लब के मानद् सचिव **मनीष जालान** , कोषाध्यक्ष **रितुल मुंजाल** और कमिटी मेम्बर्स **निखिल पोद्दार** , **तरुण तनेजा** , **अनिरुध बुधिया** और **सिद्दार्थ सिंह** जो रोज अनाज लाने का काम तथा भोजन भेजने का काम पूरा होने के बाद ही वापस घर जाते हैं। एक बार पुनः इस पूरी टीम का आभार। आज 160 पैकेट्स राशन को जग्गनाथपुर इलाके मैं भेजे गए।


वर्त्तमान स्थिति को देख़ते हुए हम कल से अगले 5 दिनों तक 2 बार भोजन के जगह राशन का वितरण करेंगे। राशन के अन्य पैकेट्स प्रशासन के अनुरोध के बाद वितरित किया जायेगा।

मित्रों, आज तक क्लब के 320 माननीय सदस्यों ने 13 लाख 25 हजार के करीब का अनुदान दिया है और इसके लिए आप सभी का आभार। क्लब के कर्मचारीयों को भी अगले 4-5 दिनों तक अपने अपने घरों पर रहने को कहा गया है। हमारे क्लब के कर्मचारीयों का बहुत- बहुत धन्यवाद।

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

- **अजय मारू**
  पूर्व अध्यक्ष और
  रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य 9:04 PM

## 2 April 2020



**मित्रों**

**नमस्कार**

आप सबों को **रामनवमी की शुभकामना**। आज नवमी भी है और माननीय प्रधानमंत्री की लॉक डाउन की अवधि के भी 9 दिन पूरे हो गए। हम रांची वालों के लिए तो लॉक डाउन के 12 दिन पूरे हो गए, और 12 दिन बचे हैं। इस अवधि में हमें पूरी सावधानी के साथ घर पर रहना है।

आज हमने 580 राशन के पैकेट्स **हटिआ , जग्गनाथपुर, डोरण्डा, पहाड़ी टोला** आदि जगह पर भेजा।

आप सब अपना ध्यान रखें।

9:05 PM



**3 April 2020**

**मित्रों**

**नमस्कार**

पिछले नौ दिनों से क्लब के द्वारा किये गये कार्यो की जानकारी आपको समय-समय देता आ रहा हूँ. आज भी हमने 515 राशन के पैकेट्स जिला प्रसाशन के सहयोग से रांची के विभिन्न इलाकों में वितरित किये और अभी तक हमने 2530 राशन के पैकेट्स वितरित कर चुकें हैं.

आज हमने लॉक डाउन अवधि के दस दिन पूरे कर लिए हैं. सच बात तो यह है कि हममें से किसी ने भी यह कभी नहीं सोचा होगा कि अपनी जिन्दगी के इस दौर में ऐसी परिस्थिति से गुजरना होगा. अभी हमें आगे 11 दिन और परिवार के साथ माननीय प्रधानमंत्री के आदेश को मानते हुए घर पर रहना है.

आज से प्रतिदिन आपके सामने एक विषय को साझा करूँगा जो आप और मेरे मन में आता है. और उस विषय के किरदार के प्रति अपनी कृतयग्यता अर्पित करना चाहूंगा. पहले किरदार को मेरा सलाम और वो हैं - **मातृशक्ति**

हम सब पारिवारिक माहौल मै रहते हैं. और इस माहौल मे हमारे साथ हमारी **माँ, पत्नी, बहु, बेटी, भाभी, पोती** या हमारी अन्य **घरेलू महिला सहयोगी** रहती होंगी. इन सब को हमारा नमन. इस समय उनपर कार्य का बोझ बहुत बढ़ गया है. सुबह से लेकर रात तक ये हम सब की सुविधा का ध्यान रखती हैं. कई घरों मे बंदी के करण घरेलु कार्य करने वाली सदस्या नहीं आ पा रही हैं जिस के कारण इनपर काम का बोझ और भी बढ़ गया है. राशन, फल, सब्जी लाने के अलावा पूरे दिन हमें तरह तरह के भोजन बना के देना और इसी के साथ साथ बच्चों की भी देख भाल करना और ऐसे कई कामों मै वे लगी रहती हैं और उनके माथे पर शिकन तक नही आती है.

**हाँ,** यह भी सच है की हम उनका सहयोग करते हैं और अपने मैं बदलाव लाने की कोशिश करके उन्हें और सहयोग दे रहें हैं. आपसे अनुरोध है कि **अपने रिश्तों को और मजबूत करें.**

***मातृशक्ति को प्रणाम और नमन***

.

कल, क्लब की अन्य गतिविधियों के साथ मैं आपके साथ एक और किरदार को नमन करूंगा.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है।**

**- अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और

रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य 9:49 PM

# 4 April 2020

**मित्रों**

**नमस्कार**

आज लॉकडाउन का ग्यारवाह दिन था और रोज़ाना की तरह आज भी **रांची न्यूरोलॉजिकल ट्रस्ट** एवम् जिला प्रसाशन के सहयोग से हमने 528 राशन के पैकेट्स धुर्वा, हटिआ, जग्गनाथपुर, कोकर, हेहल, बड़ा तालाब आदि जगहों पर वितरित किया. इस तरह अभी तक हमने 3058 राशन के पैकेट्स जरूरतमंदों के बीच में वितरित कर चुके हैं और अगले 10 दिनों तक यह कार्य चलता रहेगा. एक बार फिर ट्रस्ट के ट्रस्टीज **राजीव मित्तल, डॉक्टर सुनील रूंगटा** एवम् **डॉक्टर प्रकाश चन्द्र** के साथ साथ रांची क्लब के सभी सदस्यों का आभार. आप सब से पुनः अनुरोध है कि घर पर ही रहें.

आज दूसरा नाम जो आपके और मेरे मन मैं आता है और जिनके लिए हम सब मिलकर कृतग्यता अर्पित करेंगे, वो हैं **डॉक्टर्स, नर्सेस** और **पैरा मेडिकल स्टाफ**

**इन सब को हमारा नमन** 🙏 . हम तो कहते हीं हैं कि -

***धरती पर डॉक्टर भगवान का रुप है.***

आज के इस संकट के समय मैं कुछ तो 24x7 कार्य कर रहें हैं. इनके लिये हॉस्पिटल ही इनका घर हो गया है. कई-कई दिनों तक ये लोग अपने परिवार वालों से भी नहीं मिल पा रहें हैं. साधन उपलब्ध नहीं होने के बाद भी ये लोग पूरी जिम्मेदारी के साथ निस्वार्थ कार्य कर रहें हैं. कई बार तो उन्हें मरीज के अटेंडेंट का रोष भी झेलना पड़ता है. Over buden हो या Tension ,ये लोग हमेशा अपनी सेवा प्रदान करते आ रहें हैं. जो डॉक्टर्स, नर्सेस एवम् पैरामेडिकल स्टाफ कोरोना पीड़ित मरीजों का इलाज कर रहें थे उनमें से 55 के करीब कोरोना Positive हो गये हैं.

आज हमारे क्लब के करीब 1600 सदस्य हैं जिनमें से 60 से अधिक डॉक्टर्स हैं. इनमे से कुछ डॉक्टर्स ने समाज सेवा में अपनी अलग पहचान बनाई है. **आप सबों को हमारा नमन** 🙏 .

**विशेष अनुरोध**

हमारे **माननीय प्रधानमंत्री जी** ने हमसे अनुरोध किया है कि कल, रविवार 5 अप्रैल रात्री 9 बजे घर की रौशनी बंद करके (फ्रिज, पंखा चलने दें) **दीया, मोमबत्ती** जलाएं और 9 मिनिट तक जिस ईश्वर को मानते हैं उनके मंत्र का उच्चारण करें और कॉरोना की लड़ाई को जीतने में उनका साथ दे.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

आप स्वस्थ रहें यही कामना के साथ

\- **अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और

रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य 9:14 PM

# 5 April 2020

**मित्रों**
**नमस्कार**
***Difficulties से Opportunities निकलती है.*** और अगर हम अनुसाशित रहकर नियमों का पालन करेंगे तो कठिन से कठिन समय भी ज्यादा दिन तक नहीं रहेगा. यह समय हम सब के लिए एक चुनौती है.

आज भी हमने रांची न्यूरोलॉजिकल ट्रस्ट के साथ मिल कर 630 राशन के पैकेट्स वितरित किए, जो शहर के अलग अलग जगहों पर भेजा गया.

आज तीसरे किरदार जिसका नाम हम सब के मन मैं आता है, वो हैं - **अनाज के थोक और खुदरा व्यापारी और सब्जी विक्रेता.**
आप सबों को हमारा नमन 🙏.
आज माननीय प्रधानमंत्री के आदेश का समर्थन करते हुए 12 दिनों के लॉक डाउन की सफलता का श्रेय इन व्यापारी समुदाय को भी जाता है. आज अगर घर में राशन, दूध और सब्जी हमें मिल रही है, तो इन सब का श्रेय हमारे घर के आस पास के छोटे एवम् बड़े दुकानदारों को और सड़क किनारे बैठे सब्जी विक्रेताओं को जाता है. कम लागत में भी वो हमारे सभी सामानों की आपूर्ति कर रहें हैं. साथ ही साथ हमारे थोक व्यापारियों का भी आभार. अगर आप ये खाने का सामान स्टॉक मैं नहीं रखते तो खुदरा व्यापारी को भी दिक्कत होती. आप का भी आभार.
अपने गांवों से वाहनों पर रोज़ाना ताज़ा सब्जी लाकर शहर के कोने कोने पर बेचने वाले सब्जी विक्रेताओं को भी हमारा सलाम. इस समय हमारी मदद के लिए ना तो Amazon है ना ही Flipkart ना ही Big Basket या Relaince आदि बड़ी बड़ी कंपनियां. काम आ रहें हैं तो हमारे ये छोटे और थोक व्यापारी. आगे भी हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम भारतीय उत्पाद खरीदें और अपने आस पास के खुदरा विक्रेताओं से ही खरीदें.
**Be Indian , Buy Indian Products**
**आज आप सभी व्यापारियों का नमन** .

*आपसे अनुरोध है की आज रात 9 बजे घर की लाइट बंद कर के दीया जलाएं और 9 मिनिट तक ईश्वर के मन्त्र का जाप करें और घर में रहें.*

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

- **अजय मारू**
  पूर्व अध्यक्ष और
  रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

Now you can even follow me on Twitter : *ajaymaroo*
5:56 PM

## 6 April 2020

मित्रों

नमस्कार

लॉक डाउन के 13 वें दिन आज हमने रांची न्यूरोलॉजिकल ट्रस्ट के ट्रस्टी राजीव मित्तल जी के घर 6000 राशन के पैकेट्स के पैकिंग का काम पूरा किया. आज हमने और जिला प्रसाशन के सहयोग से 997 राशन के पैकेट्स शहर में जरुरतमंदो के बीच वितरित किये. अभी तक हम 4685 राशन के पैकेट्स वितरित कर चुके हैं जो आगामी 14 अप्रैल तक जारी रहेगा.

आज हम अपनी कृतज्ञता अर्पित करना चाहते हैं **हमारे पुलिस अधिकारी एवम् जवानों को.**
आप सबों को हमारा नमन 🙏

हाल के दिनों मैं हमारे ये पुलिस कर्मी दिन रात एक करके आपकी और हमारी सुरक्षा एवं सुविधा मैं लगे हुए हैं. लॉक डाउन के इस अवधि मैं कानून व्यवस्था के साथ साथ लोग सड़क पर ना निकलें तो उन्हें समझाने मैं, कोरोना का कोई मामला आ जाय तो वहां पहुंच कर स्थिति को संभालने मैं, मास्क का वितरण करना हो या जरुरत मंदो के बिच राशन और भोजन वितरण का काम हो आदि कई काम निस्वार्थ भाव से कर रहें हैं.
आज शहर के कई इलाकों मैं पुलिस के साथ साथ Para Medical Force के जवान भी मुस्तैदी से हम सब की सुरक्षा मैं लगे हुए हैं. कई बार इन्हे जनता के साथ कड़ाई से पेश आना पड़ता है पर यह आपकी और हमारी सुरक्षा के लिए ही है.
इन सब पुलिस अधिकारी एवं जवानों का आभार.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

- **अजय मारू**
  पूर्व अध्यक्ष और
  रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

Now you can even follow me on Twitter :
*ajaymaroo*

8:30 PI

**7 April 2020**

**मित्रों**

**नमस्कार**

आज विश्व स्वास्थ दिवस है. और विश्व के साथ हमारे देश का हर नागरिक स्वस्थ रहे, इसी कोशिश और कामना में हमारे माननीय प्रधानमंत्री के साथ साथ हमारे डॉक्टर्स, नर्सेस, दवा विक्रेता आदि कई लोग लगे हुए हैं और इस कठिन दौर से हम जल्द निकलकर बहार आएंगे.

आज भी हमने 625 राशन के पैकेट्स वितरित किए और कल से हम क्लब में भोजन देना और राशन पैकेट्स बनाने का काम चालू करेंगे.

आज हमारे पांचवे किरदार जिनके प्रति हम अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे, वे है :

**सरकारी अधिकारी और कर्मचारी .**

इनको हमारा नमन 🙏

हो सकता है कि हमारी इनसे आमने- सामने मुलाकात नहीं होती हो पर ये सदैव देश और राज्य के जनता की सेवा में हमेशा लगे रहते हैं पर इस संकट के समय में इन पर हम सब का दायित्व और बड़ जाता है. हम अपने राज्य झारखण्ड और रांची मैं यह महसूस कर सकते हैं.

*आज राज्य के **मुख्य सचिव** हो या रांची के **Dy Commissoner , Municipal Commissoner , DDC , SDM** , गावों में **BDO** के अलावा **बिजली विभाग** , **स्वस्थ विभाग, पेयजल विभाग** आदि अन्य विभाग अपना अपना काम कर रहें हैं .*

**आप सब को हमारा नमन** 🙏

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

- **अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और

रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

Follow me on Twitter : *ajaymaroo*

8:56 PM

**8 April 2020**

**मित्रों**

**नमस्कार**

आप सबों को **हनुमान जयंती** की शुभकामनाएं. आज से हमने क्लब के कर्मचारी एवम् जिला प्रशासन के सहयोग से 400 लोगों का भोजन पहाड़ी टोला भेजा और राशन पैकिंग का काम भी जारी रहा. आज कुछ इलाकों में राशन के पैकेट्स वितरित किए गए.

आज हमारे छठे किरदार जिनके प्रति हम अपनी कृतज्ञता अर्पित करना चाहते हैं वे है
हमारे "**मीडिया कर्मी**"
आप सब को हमारा नमन🙏
मीडिया को प्रजातंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है. एक समय था जब समाचार जानने के सिर्फ दो साधन थे - **अख़बार और रेडियो**. पर आज हमारे पास बहुत विकल्प है.
आज हमारे पास Print Media, Electronic Media, Social Media के अलावा Internet आदि है. पर समाचार को अपने घर तक 24 घंटे पल पल की खबर पहुंचाने में **संपादक**, **उपसंपादक**, **संवाददाता**, **छायाकार, टी. वी पत्रकार**, **टी.वी. Anchor**, **अखबार बाँटने वाले हॉकर्स** का बहुत योगदान रहता है.
इस पेशे से 50 वर्षों तक लगा रहने के कारण मिडिया कर्मी किन किन खतरों से जान हथेली पर रख कर न्यूज़ हम तक पहुंचाते हैं, यह जानता हूं. और अभी के समय मैं देश की एकता का भी ध्यान रखते हुए उन्हें सावधानी रखनी होती है.
आप सब को हमारा सलाम🙏

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**9 April 2020**

**मित्रों**

आप सबों को हमारा नमस्कार. क्लब ने आज प्रसाशन के सहयोग से 400 लोगों को पहाड़ी टोला में और 200 लोगों को जग्गनाथपुर इलाके में भोजन वितरित किया. इसके अलावा रांची न्यूरोलॉजिकल ट्रस्ट के सहयोग से क्लब में राशन के पैकिंग का काम भी चल रहा है. आज हमने 330 पैकेट्स का वितरण कांटाटोली, पिस्का मोड़ , हटिया, धुर्वा आदि स्थानों पर प्रसाशन के सहयोग से किया.

कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हमारे माननीय प्रधानमंत्री का साथ देने वाले सांतवे किरदार जिनके प्रति
हम अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे वो हैं
**हमारे बैंक्स के कर्मचारी.**
आप सबों को हमारा नमन 🙏
आज लॉक डाउन के समय RBI के निर्देश पर सभी सरकारी और निजी बैंक अपनी सेवा दे रहें हैं. बैंकिंग की जरुरत अभी हमारे बुजुर्गों को, पेंशन धारियों को, वेतन भोगियों को, आम लोगों को तो है ही साथ ही साथ केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए 1.7 लाख करोड़ के पैकेज में नगद भुगतान भी इन बैंको द्वारा ही होना है.
अब हम बैंकों के जरुरत को समझ सकते हैं.
आज सरकार जब सभी काम करने वालों को घर से काम करने को कह रही है वहीं सरकारी हो या गैर सरकारी ऑफिस सभी बंद है तो बैंकिंग सेवा के कर्मी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक हमारी सेवा मैं लगे हैं.
आप सब को हमारा सलाम

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

- **अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**10 April 2020**

**मित्रों**

**नमस्कार**

जिला प्रशासन के सहयोग से आज भी हमने 600 लोगों को भोजन एवम् 375 राशन के पकेट्स का वितरण किया.

कोरोना के खिलाफ इस लड़ाई में हमारे आठवें महायोद्धा है

**सफाई कर्मी**

आप सब को हमारा नमन🙏

आज हमें स्वस्थ रखने में डॉक्टर का जितना हाथ है उतना ही हाथ हमारे सफाई कर्मियों का भी है. माननीय प्रधानमंत्री जी के **स्वच्छ भारत मिशन अभियान** के बाद हमारे स्वास्थ्य कर्मचियों को हमारे देश को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है और वे यह जिम्मेदारी बखूबी निभा रहें हैं. इस मिशन के बाद तो अब हमारे बच्चे हमें इधर-उधर गंदगी नहीं फैलाने की प्रेरणा देते हैं . आज जब हम सब माननीय प्रधानमंत्री के आदेश का पालन करते हुए घरों में हैं, यह सफाई कर्मी लगातार हमारे घरों की और सड़कों की गंदगी को साफ करने का कार्य निरंतर कर रहें हैं. इस संकट के समय तो कई बार इन्हें कुछ बददिमाग इंसानों के अमानवीय व्यवहार का भी सामना करना पड़ता है.

आज देश के कुछ शहरों को जब Sanitize किया जा रहा है तो सरकार इन्हीं का सहयोग ले रही है.

आज हमारे शहर के मेयर और डिप्टी मेयर के साथ-साथ हमारे पार्षदों के साथ एक हजार से अधिक सफाई कर्मी शहर को साफ सुथरा रखने में लगे हुए हैं. हमें आप सबों पर गर्व है.

*मित्रों, आपसे अनुरोध है कि अगर आप के आस पास कोई सफाई कर्मी गुजरे तो उस के प्रति जो भी मदद हो सके वो जरूर करें.*



एक बार फिर आप सबों को हमारा नमन🙏

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

- **अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष एवम् रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**11 April 2020**

**मित्रों**

**नमस्कार**

18 दिन लॉक डाउन के पूरे हो चुके हैं और अब तो लगता है कि लॉकडाउन और बढ़ेगा. हमें हमारे माननीय प्रधानमंत्रीजी के द्वारा लिए हुए हर फैसलों का सम्मान करना चाहिए.
आज भी हमने
जिला प्रशासन के सहयोग से 600 लोगों को भोजन और 325 लोगों को राशन के पैकेट वितरित किए.

**आज हमारे नव्वे महायोद्धा है हमारे अन्नदाता किसान**
आप सबों को हमारा नमन 🙏

आज लॉक डाउन के समय अगर हम घर बैठ कर आराम से भोजन कर रहें हैं एवम् जरूरतमंदों के बीच राशन वितरित कर पा रहे हैं तो यह सब का श्रेय हमारे देश के किसानों को जाता है.
आज हमारे किसान भाईयों के मेहनत से खेतों में पैदा हुआ अनाज व्यापारियों के माध्यम से हम सब तक पहुंच रहा है. आज हमारा देश अपनी क्षमता से अधिक गेहूं का उत्पादन कर के दूसरे देशों मैं जैसे अफगानिस्तान हो या लेबनान तक निर्यात कर रहा है. हमारे माननीय प्रधानमंत्रीजी ने भी इस बीच **सात करोड़ बानवे लाख** किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान योजना की पहली किस्त पहुंचाने का काम किया है.
देश के सारे किसानों को हमारा नमन🙏



**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

- **अजय मारू**
पूर्व अध्यक्ष एवम् रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**12 April 2020**

**मित्रों**

**नमस्कार**

हमारे लिए लॉकडाउन अवधि का आज लगातार चौथा रविवार है.
आज जब हम घर पर हैं और हर दिन परिवार के साथ
बिता रहें हैं तो हर दिन रविवार के जैसा ही लग रहा है.
हमें घबराने की आवश्यकता नहीं है, देश के प्रति हम सबका यह
योगदान बेकार नहीं जाएगा.
आज हमने शहर के दो इलाकों मैं 600 लोगों के लिए खिचड़ी और
वहीं पर बच्चों के लिए दूध का वितरण "सुधा डेयरी" के सहयोग से
किया. इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर 390
राशन के पैकेट्स प्रशासन के सहयोग से वितरित किए गए.
आज हम सब की इस लड़ाई के दसवें महायोद्धा हैं

**हमारे रेलवे कर्मी**

**आप सभी को हमारा नमन** 🙏



हमारे देश में प्रतिदिन 15000 के करीब यात्री ट्रेन चलती है और
करीब **तीन करोड़ यात्री** रोजाना सफर करते हैं, जो अभी बंद है.
पर लॉक डाउन की इस अवधि में हमारे रेल मंत्री पीयूष गोयल,
अपने अधिकारी एवं रेलवे कर्मी के साथ दिन रात एक किए हुए हैं.

* अब तक रेलवे ने 2500 कोचस को 40000 Isolation Beds में बदल दिया है और प्रतिदिन 375 कोचस में यह कार्य जारी है.
* रेलवे कर्मियों ने अभी तक पूरे देश में 10 लाख से ज्यादा जरूरतमंदों को निशुल्क गर्म खाना खिलाने का कार्य किया है जो आगे भी जारी रहेगा.
* अनाज को देश के कोने कोने तक पहुंचाने के लिए FCI के साथ मिलकर करीब 605 रेल रैक में 17 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न की आपूर्ति की जा चुकी है.
* आवश्यक वस्तुएं जिसमे दूध, दवाइयां, सब्जियां और फल को पूरे देश में पहुंचाने के लिए 135 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही है.

आप सबों को हमारा सलाम🙏

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**13 April 2020**

**मित्रों**

**नमस्कार**

लॉकडाउन-1 का कल अंतिम दिन है. लॉकडाउन की इस अवधि में कल प्रात:10 बजे हमारे माननीय प्रधानमंत्रीजी देश को चौथी बार संबोधित करेंगे.

रोज़ाना की तरह आज भी हमने 600 लोगों के बीच भोजन एवम् बच्चों के लिए दूध शहर के 2 स्थानों पर वितरित किया साथ ही साथ शहर के 9 स्थानों में 402 राशन के पैकेट जरूरतमंदों के बीच वितरित किए.

कोरोना के खिलाफ इस लड़ाई में हमारे 11वें **योद्धा हैं हमारे देश के वैज्ञानिक** .

आप सबों को हमारा नमन 🙏

आज हमारे वैज्ञानिक देश के डॉक्टरों के साथ मिलकर देश की विभिन्न संस्थाएं जैसे CSIR, ICMR एवम् कई अन्य संस्थाएं भी इस महामारी का मुकाबला कर रहें हैं. आज CSIR की 38 से अधिक Labs देश भर में कोरॉना की जांच का कार्य कर रही है.

इन लैब्स में प्रतिदिन 15000 से अधिक जांच हो रही है . अभी तक 2 लाख से अधिक सैंपल्स लिए जा चुके हैं. हमारे वैज्ञानिक ICMR (Indian Council of Medical Reserch) में इस रोग की दवा बनाने का कार्य कर रहे हैं. इन्हीं के बदौलत Ventilators, Oxygen Concentrators, Monitors जैसे उपकरण बनाने का कार्य ज़ोर- शोर से चल रहा है. इन्हीं वैज्ञानिकों के साथ मिलकर **Aarogya Setu App** बनाया गया. इसके अलावा हमारे वैज्ञानिक हर समय हमारे लिए नए नए आविष्कार कर रहें हैं.

आप सब को हमारा सलाम 🙏

**विशेष अनुरोध**

*कल प्रातः 10 बजे माननीय प्रधानमंत्री जी की बांतो को ध्यान से सुनकर उसका अनुकरण करें*

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 14 April 2020

**मित्रों**

**आप सभी को मेरा नमस्कार 🙏**

कल से लॉकडाउन-2 आरंभ होने जा रहा है जो की 3 मई तक रहेगा. आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने लॉकडाउन-1 को सफल बनाने के लिए हम सब का आभार व्यक्त किया ओर साथ ही साथ अपने 24 मिनट के संबोधन में प्रशासन को और हम सभी को साफ साफ शब्दों में कई निर्देश भी दिए. अब यह हमारा दायित्व है कि हमारे देश को गति और प्रगति देने के लिए उनके द्वारा अंत में सुझाए गए 7 बातों पर अवश्य ध्यान दें.

उन बातों को मैं दोहराना नहीं चाहता पर आप से अनुरोध करूंगा की जिस तरह हम सबने मिलकर लॉकडॉउन -1 को सफल बनाया उसी तरह लॉक डाउन-2 को भी सफल बनाएंगे.
आपसे पुनः आग्रह घर पर ही रहें और अपने साथ साथ अपने परिवार वालों का भी ध्यान रखें.

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में जिन सात बातों का ज़िक्र किया उसमें से पांचवी बात जो उन्होंने गरीब परिवारों के लिए कही वे सारे कार्य **रांची क्लब लोकडाउन -1 से आप सबों की मदद से करता आ रहा है.**
देश में कोरोना के खिलाफ लड़ाई में कई व्यक्ति/संस्थान अपनी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं. मैंने पहले सोचा था कि लॉक डाउन के अंतिम दिन यानी आज 14 अप्रैल को माननीय प्रधानमंत्री जी का अपने और आप सभी की तरफ से आभार और कृतज्ञता व्यक्त करूंगा, पर आज उन्होंने हमें और कार्य दिया है जो अब 3 मई तक चलेगा.
हमारे अगले किरदार के प्रति कृतज्ञता फिर कल से आरंभ करेंगे.
मित्रों, आज हमने अपनी सेवा का 20 दिन पूरा किया और इस अवधि में हमने **10000 लोगों को भोजन और 7700 लोगों को राशन के पैकेट्स वितरित किए** जो की अगले 19 दिन तक जारी रहेगा. मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी के सहयोग से हम यह कार्य पूरा करेंगे.

*हम होंगे कामयाब हम होंगे कामयाब हम होंगे कामयाब*
*एक दिन, हो मन में है विश्वास पूरा है विश्वास*
*हम होंगे कामयाब एक दिन*

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**15 April 2020**

मित्रों
आज से हम, अपने काम की नहीं बल्कि कोरोना के खिलाफ लड़ रहे महायोद्धाओं की बात पहले करेंगे.

**आज के हमारे योद्धा है हमारी सेना**

हमारी देश की सीमाओं की निगरानी रखना हो या देश में किसी भी प्रकार की आपदा हो, हमारी सेना हमेशा मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारियां निभाती है. आज के मौजूदा संकट से लड़ने में हमारी सेना की अहम भूमिका है. आज भी हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान के द्वारा किए जा रहे नापाक हमलों का जवाब तो वे बखूबी दे ही रहे हैं साथ-साथ कोरोना के खिलाफ लड़ाई में एयरफोर्स के जवान जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मणिपुर और नागालैंड में मेडिकल समान, दवाइयां एवं आवश्यक वस्तुओं को पहुंचाने का भी कार्य कर रहे हैं. सेना ने आवश्यकता होने पर प्रशासन की मदद के लिए NCC के 25000 कैडेट्स को भी तैयार रखा है.

आज हमारे जवान Personal Protective Equipment (PPE), Hand Sanitizer, Mask आदि बनाने का कार्य भी देश के विभिन्न हिस्सों में कर रहे हैं और अन्य मेडिकल उपकरण को एयर फोर्स के मालवाहक विमान से पहुंचाया जा और सेना की सबसे बड़ी ताकत के रूप में मेडिकल टीम के 8000 डॉक्टर, हजारों नर्सेज और पैरामेडिकल स्टाफ, रिटायर्ड डॉक्टर्स की एक पूरी टीम तैयार है. सेना ने अपने अस्पतालों में लगभग 10000 बेड भी तैयार कर लिए हैं. हम यह कह सकते हैं कि देश में कोरोना से लड़ाई में भारतीय सेना एक महायोद्धा के रूप में इस महायुद्ध में अहम भूमिका निभा रही है.

**आप सभी को हमारा सलाम🙏**

आज क्लब ने रोज़ाना की तरह 600 लोगों को भोजन एवम् जरूरतमंदों के बीच दूध और ब्रेड का वितरण किया.
आज हमने राशन के करीब 100 पैकेट वितरित किए.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**16 April 2020**

**मित्रों**

कल हमने भारतीय सेना के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित की थी, ऐसी सेना जिस पर हर भारतीय को गर्व है. मुझे याद है हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक बार देशवासियों से यह कहा था कि सड़कों पर, रेलवे स्टेशनों पर या एयरपोर्ट पर जहां हमारे सेना का जवान दिखे उन्हें सैल्यूट करें. हमारे माननीय प्रधानमंत्री तो सेना के हर जवान को अपना पारिवार का सदस्य मानते हैं और पिछले कई वर्षों से दीपावली का पर्व उन्हीं के साथ मनाते हैं.

सेना के साथ-साथ हमारी सीमा की सुरक्षा हो या देश के अंदर आंतरिक सुरक्षा का कोई मामला हो तो हमारी Central Armed Police Force की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है.

आज हम 13वें महा योद्धा के रूप में **हमारे सेंट्रल आर्म्ड फोर्स के जवानों को अपनी कृतज्ञता अर्पित करते हैं.**

आप सबों को हमारा नमन🙏

हम सब जानते हैं कि देश में उग्रवाद हो या हमारी सीमाओं पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, इन सब में आप सबों की अहम भूमिका रहती है. और इसमें ITBP, CRPF, CISF, BSF और सशस्त्र सीमा बल के करीब 10 लाख से ज्यादा जवान हमारी सुरक्षा में लगे रहते हैं.

आज के माहौल में कानून व्यवस्था में स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद के साथ-साथ यह जवान स्वयं मास्क बना रहे हैं और इनका वितरण भी कर रहे हैं. यही नहीं जम्मू-कश्मीर हो या नॉर्थ ईस्ट हमारे जवान दुर्गम इलाकों में हमारे नागरिकों के बीच राशन, आवश्यक दवाइयां, सैनिटाइजर, मास्क पहुंचा रहे हैं. CISF के जवान एयरपोर्ट पर मुस्तैदी से अपना दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं.

**आप सबों को हमारा सलाम**

आज क्लब ने बच्चों के लिए दूध और ब्रेड के साथ 600 लोगों को बना हुआ भोजन 2 स्थानों पर वितरित किया, इसके साथ ही साथ 365 राशन के पैकेट्स नामकुम, डोरंडा, हरमू, हटिया आदि स्थानों पर वितरित किये .

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**17 April 2020**

**मित्रों**

आज हम नमन करेंगे हमारे 14वें किरदार को और वह है

**हमारे गुरुजन, शिक्षक , Teachers**

**आप सबों को हमारा नमन** 🙏

मेरी उम्र के लोगों की पढ़ाई 60 के दशक से आरंभ हुई होगी. मुझे याद है मैं कभी गुरुकुल तो नहीं गया लेकिन अपनी आरंभिक शिक्षा गुरुजी की पाठशाला से ही आरंभ की थी. उस समय भी पढ़ाई के साथ साथ स्वास्थ्य और सफाई पर भी ध्यान दिया जाता था.

आज शिक्षा का स्तर और उसके तौर तरीका में बहुत बदलाव आया है. अब शिक्षा में ग्रेडिंग और परसेंटेज का बहुत महत्व है. और विद्यार्थी भी इसे कंपटीशन के भाव से मेहनत करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में लगे हुए हैं.

अभी लॉकडाउन के समय बड़े विद्यार्थी तो अपनी पढ़ाई ऑफलाइन, ऑनलाइन या किताबों की मदद से कर लेते हैं पर छोटे बच्चों के लिए उनकी स्कूल और ट्यूशन टीचर ऑनलाइन शिक्षा देना आरंभ कर दिए हैं. आप सबों का आभार. आपके इस कार्य की बदौलत बच्चों में स्कूली शिक्षा जारी रहेगी.

हालांकि यह सुविधा पहले से भी चली आ रही थी पर इस अवधि में जब बच्चे चौबीसों घंटे अपने घर पर हैं तो आप गुरु जन अपना समय निकालकर विभिन्न विषयों पर बच्चों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जो शिक्षा दे रहे हैं वह काफी सराहनीय है.

आपसे अनुरोध है कि शिक्षा के साथ-साथ इन्हें हमारे भारतीय संस्कृति के प्रति भी सजग करें जो मेरे खयाल से

**आप लोग कर भी रहें होंगे, जैसे कि -**

* घर पर अपने बड़ों के प्रति आदर और सम्मान

* घर के कार्यों में सहयोग जैसे साफ सफाई हो या रसोई के कार्य

* घर हो या घर के बाहर पानी और बिजली के फालतू उपयोग को रोकना

* फिजूलखर्ची छोड़कर बचत पर ध्यान देना

जैसी अन्य उपयोगी बातों पर बच्चों का ध्यान दिलाना.

हमें पूरा विश्वास है कि कोरोना के खिलाफ इस जंग में हम सब माननीय प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं. सामान्य स्थिति के उपरांत कई प्रकार की चुनौतियां हमारे सामने आएंगी. हमारे रहन-सहन में,

हमारे व्यापार मैं और हमारे व्यवहार में बहुत बदलाव होगा.आपके द्वारा दी गई शिक्षा और संस्कार बच्चों को एक नई दिशा देंगे.

**आप सबों को पुनः हमारा नमन**

आज हमने दो स्थानों में 625 लोगों का भोजन और ब्रेड एवम् 370 राशन के पैकेट्स शहर के विभिन्न इलाकों में वितरित किए.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**18 April 2020**

**मित्रों**

हमारे देश की वर्तमान स्थिति में जरूरतमंदों की सेवा के लिए त्याग, तपस्या और समर्पण की भावना से कई संस्थाएं ज़ोर शोर से लगी हुई हैं.
आज हम अपने अगले किरदार के रूप में Civil Avition से जुड़े लोगों का नमन करेंगे जो कि दो किस्तों में होगा.
पहली किस्त में हम अपने 15वें किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता
**Air India के कर्मचियों के प्रति करेंगे**
**आप सबों को हमारा नमन🙏**

Air India आज भारत का National Carrier है जो मूलतः यात्रियों को सेवा देता है. पर पिछले कुछ महीनों से देश के बाहर फंसे भारतीयों को वापस स्वदेश लाने में लगा हुआ है और आज एयर इंडिया उनके लिए लाइफलाइन बन चुका है.
सबसे पहले एयर इंडिया ने अपनी 423 सीटर बोइंग 747 प्लेन से 31 जनवरी और 1 फरवरी को China के वुहान शहर से करीब 700 भारतीय छात्रों को भारत लाया जिसमें 7 मालदीव्स के थे. फरवरी को जापान के क्रूस से 119 भारतीय और 5 विदेशियों को भारत लाया. 15 मार्च को इटली के मिलान से 211 भारतीय छात्रों को और 21 मार्च को 263 भारतीयों को रोम स्वदेश लेकर लाया. यही एयर इंडिया हमारी नेशनल केरियर है जो 12 घंटों की सूचना में सभी ऑपरेशंस को अंजाम देती है.
यही नहीं दूसरे देशों के अनुरोध पर एयर इंडिया ने Canada और US Embassy के अनुरोध पर International Relief का भी कार्य किया है जिनमें उनके नागरिकों को एक देश से दूसरे देश ले जाने का कार्य शामिल है.
एयर इंडिया ने 170MT कोरोना से संबंधित मेडिकल समान Shanghai और Hongkong से लाई और 300 MT अगले कुछ दिनों में लाने वाली है और हमारे देश के कोने कोने में 130 उड़ानों के माध्यम से टेस्टिंग किट और मेडिकल इक्विपमेंट पहुंचाने का कार्य कर रही है.
**आप सबों को हमारा सलाम**
कल हम दूसरी किस्त में Lifeline UDAN के और सदस्यों को नमन करेंगे.

मित्रों, आज से क्लब ने पका हुआ भोजन 600 की जगह 750 लोगों को भेजा गया. प्रशासन के अनुरोध पर आज 150 लोगों को भोजन कांटाटोली के हरिजन बस्ती भेजा गया. साथ साथ 228 राशन के पैकेट्स खेलगांव, रातू , कांके, एदलहातु आदि जगह भेजा गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व अध्यक्ष और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**19 April 2020**

**मित्रों**

Lifeline UDAN की शुरुआत नगर उड्डयन मंत्रालय के द्वारा Covid-19 के खिलाफ लड़ाई में सहायता प्रदान करने के लिए आरंभ की गई थी.

अपनी दूसरी किस्त में 16वें किरदार के रूप में हम कृतज्ञता अर्पित करेंगे

**नगर उड्डयन से जुड़े कर्मियों की**

**आप सबों को हमारा नमन** 🙏

इस मंत्रालय से जुड़ कर Indian Air Force, Air India, Pawan Hans, Alliance Air, DGCA, Airport Authority, Private Airports, Private Carriers जिसमें Blue Dart, SpiceJet, Indigo के अलावा Ground Handling के हजारों लोग अपनी सेवा प्रदान कर के पूरे देश में आवश्यक सेवाओं को बरकरार रख रहे हैं.

आपको जानकर हर्ष होगा कि इस सेक्टर के सभी सहयोगियों ने 262 उड़ानें भर कर करीब 2 लाख 65 हजार किलोमीटर का हवाई सफर करके करीब 500 टन मेडिकल के समान तथा अन्य आवश्यक सामग्री गत 26 मार्च से 16 अप्रैल तक पूरे देश में भेजने का कार्य कर चुकी है. इसके अलावा 21 कार्गो विमान से लद्दाख मैं 350 टन खाद्यान्न, फल, सब्जी, दूध जैसे आवश्यक समान भेजने का कार्य किया है. हमारा यह सोचना गलत था कि हवाई यात्रा बंद है तो उनके कर्मचारी घर पर होंगे, पर ऐसा नहीं है वे सब हमारे लिए अपने अपने कार्य में लगे हुए हैं.

**आप सबों को हमारा सलाम**

**आज हमने अपनी सेवा के 25 दिन पूर्ण किया**. आज भी हमने पहाड़ी टोला के 400 लोग, जगन्नाथपुर के 200 लोग और 150 लोग का भोजन अरगोड़ा स्टेशन के पास रहने वालों के बीच वितरित किया और करीब 250 राशन के पैकेट्स वितरित किए.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और

रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 20 April 2020

**मित्रों**

हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के निवेदन पर गत 25 मार्च से देशवासी अपने घर पर हैं, और उनके समय का सदुपयोग अच्छे से हो, इसके लिए सूचना और प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावेडकरजी ने 28 मार्च से दूरदर्शन पर रामायण और महाभारत का प्रसारण पुनः आरंभ किया. आज हम अपने 17वें किरदार के रूप में

**प्रसार भारती के कर्मियों**

के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करते हैं

**आप सब को हमारा नमन** 🙏

आज के समय हमारे पास TV में विभिन्न भाषाओं में समाचार प्राप्त करने के लिए 400 से भी अधिक चैनल्स हैं और इतने ही चैनल मनोरंजन के लिए भी है. पर हमारे देश में 1982 में दूरदर्शन के द्वारा राष्ट्रीय प्रसारण आरंभ हुआ और करीब दो दशकों तक इसी का बोलबाला था. उस वक्त कई ऐसे मनोरंजन के shows आए जिन्हें हम आज तक याद रखते हैं - *हमलोग (1984) वागले की दुनिया (1988) बुनियाद (1986) कॉमेडी शो यह जो है ज़िंदगी (1984) आदि. लेकिन*

***1987 मे रामायण और 1988 में महाभारत***

*ने दूरदर्शन को एक नया रूप दिया.*

मुझे याद है कि रामानंद सागर द्वारा निर्देशित रामायण 25 जनवरी 1987 को आरंभ हुआ जो सप्ताह में एक ही दिन दिखाया जाता था. प्रत्येक रविवार को जब यह प्रसारित होता था तो सड़कें सूनी हो जाती थी और कई जगह तो ट्रेनों का परिचालन भी 1 घंटे के लिए रोक दिया जाता था. घरों में लोग इसे दिया और अगरबत्ती जलाकर देखते थे. 78 Episodes यानी 78 सप्ताह तक यह चला. उसी प्रकार बी.आर. चोपड़ा जी की महाभारत 2 अक्टूबर 1988 में आरंभ हुई. इसके भी 94 episodes थे. आज जब इन दोनों धारावाहिक का प्रसारण पुनः हो रहा है तो गाँवो से ज्यादा शहरों में इसे देखा जा रहा है. एक अचरच की बात यह है कि जब 28 मार्च को इसे पुनः प्रसारण करने का निर्णय लिया गया तो यह करीब 4 करोड़ लोगों के द्वारा देखा जा रहा है लेकिन आज दूरदर्शन ने एक नई कीर्तिमान स्थापित किया है, जो आज इसे करीब 19 करोड़ टीवी से लोग देख रहें हैं. दूरदर्शन की Viewership में करीब 40000% का इजाफा हुआ है.

रामायण और महाभारत को पुनः प्रसारित करने के लिए और हमारे युवाओं के बीच हमारी संस्कृति को

**जागृत करने के लिए प्रसार भारती का आभार**

**मित्रों, आज हमने राशन के 322 पैकेट्स शहर के विभिन्न इलाकों में वितरित किए . आज हमने 400 लोगों का पहाड़ी टोला, 120 लोगों को अरगोड़ा स्टेशन में और 200 लोगों को हरिजन बस्ती में भोजन वितरित किया.**

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

# 21 April 2020

**मित्रों**

आज हम अपने 18वें किरदार के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे वह हैं

**" भारतीय डाक सेवा के कर्मीचारी "**

**आप सबों को हमारा नमन 🙏**

साधारणतया हम इसे Indian Postal Service के नाम से भी जानते हैं. गांवो में इसे डाकिया बाबू के नाम से बुलाया जाता है. आज अपनी 1.56 लाख शाखाओं के साथ यह विश्व की सबसे बड़ी डाक सेवा है.

लाल रंग की डाक गाड़ियों में आज के संकट की इस घड़ी में देश भर के 6 लाख गांवों एवं शहरों में प्रतिदिन हजारों किलोमीटर की यात्रा तय करके 4.5 लाख कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं. इस विभाग के केंद्रीय मंत्री

**श्री रविशंकर प्रसाद जी**

व्यक्तिगत रूप से इस विभाग का निरक्षण कर रहे हैं. आज इस विभाग का काम सिर्फ चिट्ठियां या पार्सल पहुंचाना नहीं है, बल्कि आज यह बैंकिंग, रेलवे टिकट बुकिंग एवम् अन्य सरकारी कार्यक्रमों में अहम भूमिका निभा रही है.

* अस्पतालों में कोरोना के टेस्टिंग किट ही नहीं बल्कि हार्ट, कैंसर जैसे आवश्यक दवाइयां एवं मेडिकल उपकरणों को एयर कार्गो से विभिन्न प्रदेशों की राजधानी में लाकर अन्य स्थानों पर वितरित करना.
* 1.30 लाख ग्रामीण डाकघरों से ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को घर तक पैसा पहुंचाने की सुविधा देना.
* Direct Benefit Transfer (DBT) के तहत सभी ग्रामीण शाखाओं के गरीब परिवारों तक पैसे पहुंचाना जिसमे अधिकतर वृद्ध और गरीब परिवार हैं.
* Speedpost के द्वारा दवाइयों का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता से पहुंचाना.
* जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र हो या पूर्वोत्तर राज्यों के गांव, उनके ग्राहकों को उनके बचत खाते के पैसे पहुंचाना.

ऐसे विभिन्न कार्य डाक विभाग के कर्मी कर रहें हैं. इसके अतिरिक्त आज के समय जरूरतमंदों के बीच राशन और भोजन भी वितरित कर रहे हैं.

**आप सबों को हमारा सलाम🙏**

**मित्रों, आज हमने सबसे अधिक 770 लोगों को भोजन एवम् 284 राशन के पैकेट्स प्रशासन के सहयोग से वितरित किए.**

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व अध्यक्ष और

रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**22 April 2020**

**मित्रों**

**आप सबों को पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं**.

*आइए हम पेड़ पौधे लगाकर, जंगल बचाकर अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें.*

कल, हमारे प्रदेश झारखंड में लॉक डाउन के 1महीने पूरे किए. और मैं भी पिछले 1 महीने से रोज़ाना आप लोगों को रांची क्लब के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी फेसबुक एवं वॉट्सएप के माध्यम से देता आ रहा हूं और साथ ही साथ कोरोना के खिलाफ इस जंग में एक किरदार के प्रति हमनें अपनी कृतज्ञता अर्पित की.

क्लब ने आज **रिकॉर्ड 820** लोगों को शहर के तीन स्थानों में प्रशासन के सहयोग से खिचड़ी वितरित की. इसके साथ ही साथ 250 राशन के पैकेट्स भी वितरित किए. कल से हमने क्लब के पास सुजाता चौक पर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को दोपहर का भोजन भी देने का कार्य आरंभ किया.

आज क्लब के सदस्य निर्मल छावनिका के द्वारा 6000 आम के जूस के बॉटल्स (200ml) दी गई जिसे हम पूरे शहर में बने पुलिस चौकी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के बीच कल से वितरित करेंगे.

**मित्रों पिछले कई दिनों से कोरोना के खिलाफ जंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 18 किरदारों को हम सब ने नमन किया**. आपके साथ मिलकर मैं उनको भी नमन करता हूं जिनका उल्लेख हम नहीं कर पाए जिनकी भी इस जंग में महत्वपूर्ण भूमिका रही है.

कल से हम देश के उद्योगपतियों का, बड़े व्यापारिक घरानों का और रांची की सामाजिक संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करना आरंभ करेंगे, जिन्होंने हमारे माननीय प्रधानमंत्रीजी के आग्रह पर प्रधानमंत्री राहत कोष में दान दिया एवम् जरूरतमंदों के बीच भोजन और राशन वितरित कर अपनी सेवाएं दी.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद एवम् रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**23 April 2020**

**मित्रों**

**आज कृतज्ञता की कड़ी में 19वें किरदार**

**हमारे देश के उद्योगपति और जनी मानी हस्तियां हैं.**

**आप सबों को हमारा नमन** 🙏

रोज़ाना की तरह आज भी हमने शहर के विभिन्न इलाकों में **820 लोगों को खिचड़ी, 333 राशन के पैकेट्स** जिला प्रशासन के सहयोग से एवम् **500 बॉटल्स जूस** के पुलिस कर्मियों के बीच वितरित किए. मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूं क्लब के सदस्यों का जो अभी तक अपनी सहयोग राशि भेज रहे हैं. हमारे कार्यों से प्रेरित होकर पिछले कई दिनों से क्लब के अन्य सदस्यों अपना सहयोग देते आ रहें हैं.

**एक बार पुनः आप सभों का आभार**.

मित्रों, माननीय प्रधानमंत्री जी ने 28 मार्च को देश के संपन्न लोगों से इस आपदा के समय **PM CARES Fund** मैं अपना योगदान देने का आग्रह किया था. ( इसका पूरा नाम है - Prime Minster- Citizen Assistance & Relief in Emergency Situations) आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पहले सप्ताह में इस फंड में **6500 करोड़ रूपये आ गए.** इस फंड में सबसे बड़ा योगदान हमारे देश के उद्योगपति श्री रतन टाटा जी ने **1500 करोड़ रुपए की राशि** दि. इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि *जब हमारा देश संकट में रहेगा तब आवश्यकता होने पर मैं अपना घर भी बेचकर देश की सेवा के लिए तय्यार रहूंगा*. **यह होता है एक सच्चे देशभक्त का जज़्बा.** इसके अलावा Azim Premji Foundation ने 1000 करोड़ , रिलायंस ने 500 करोड़, आदित्य बिरला ग्रुप में 500 करोड़, अदानी, जिंदल, वेदांता, आईटीसी, हीरो साइकिल एवम् बजाज समूह ने 100-100 करोड़ रुपए का आर्थिक सहयोग दिया. इसके अलावा L&T और अन्य Corporates ने भी PM CARES Fund मैं खुलकर सहयोग दिया है.

आप सबों को हमारा सलाम 🙏

कल हम बड़े व्यापारिक घरानों, फिल्मी हस्तियां , खेल से जुड़े खिलाड़ी एवम् देश के सांसदों के प्रति आभार व्यक्त करेंगे जिन्होंने इस फंड में अपना योगदान दिया है.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

## 24 April 2020

**मित्रों**
**आप सबों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की बधाई.**
पूर्व प्रधानमंत्री माननीय मनमोहन सिंह जी ने 24 अप्रैल 2010 को इसकी घोषणा की थी. आज हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के विभिन्न प्रांतों के पंचायत प्रमुख एवम् सरपंचों से बात की और कोरोना के संकट में सोशल डिस्टेंसिंग शब्द को उनके लिए ***दो गज दूरी*** का मंत्र दिया.
हमारी सुरक्षा में लगे हमारे जवानों के बीच आज भी हमने 600 बोतल जूस का वितरण किया. क्लब ने आज 820 लोगों के लिए चावल और सब्जी बनाकर तीन स्थानों में तथा 320 राशन के पैकेट्स भी वितरित किए.

आज 20वें किरदार के रूप में हम कृतज्ञता अर्पित करेंगे हमारे
**बड़े व्यापारिक घरानों, फिल्मी हस्तियों, धार्मिक ट्रस्ट, खिलाड़ी**
**और देश के सांसदों का.**
***आप सबों को हमारा नमन*** 🙏

आज जब हमारा देश संकट में है तो इस संकट में हमारी सरकार के अलावा बड़े व्यापारिक घराने भी अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंदों की मदद करने के लिए आगे आकर PM CARES Fund में भी अपना योगदान दे रहें है. इसमें **DMart एवम् Bharti Airtel ने 100-100 करोड़, PayTM ने 50 करोड़, HDFC, Kotak Bank, Sun Pharma, Hindustan Unilever, OLA** आदि हैं.
भारत सरकार के उपक्रम
**ONGC, Coal India, LIC, SBI, SAIL, IFFCO** ने भी इस फंड में अपना योगदान दिया है.

हमारे धार्मिक ट्रस्ट जैसे **सोमनाथ मंदिर, श्री साईं बाबा मंदिर ट्रस्ट, योग गुरु बाबा रामदेव, माता वैष्णो देवी मंदिर, कोच्चि मठ** ने भी अपना अपना सहयोग दिया है.
हमारी फिल्मी जगत की हस्तियां भी पीछे नहीं है. इसमें सबसे पहले **अक्षय कुमार** ने 25 करोड़ रूपये देकर शुरुआत की. **बाहुबली** के प्रभास ने भी 4 करोड़ रुपए दिए. इसके अलावा **वरुण धवन, चिरंजीवी, हेमा मालिनी, रजनीकांत, सनी देओल, कपिल शर्मा, पवन कल्याण** आदि ने भी अपना सहयोग दिया.खेल से जुड़े BCCI ने 51 करोड़ रुपए दिए. **सौरभ गांगुली, सचिन तेंदुलकर, सुरेश रैना, रोहित शर्मा, पीवी सिंधु** ने भी अपना योगदान दिया.
भारतीय सेना के सभी अंग के हमारे सैनिकों के साथ केंद्रीय सरकार के सभी कर्मचारयों ने भी अपनी 1 से 5 दिनों तक की वेतन इस फंड में दी.
**लोकसभा एवम् राज्यसभा** के 800 के करीब सांसदों में से 339 सांसदों न अपनी सांसद निधि से 365 करोड़ रुपए इस फंड में दिए और भी ऐसे अनगिनत नामी हस्तियां हैं जिन्होंने इस फंड में अपना योगदान दिया है.
**आप सबों को हमारा आभार.**🙏

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

25 April 2020

**26 April 2020**

**मित्रों**
**आप सबों को अक्षय तृतीया और आखा तीज की**
**बहुत-बहुत बधाई.**
इस दिन को हम एक पर्व के रूप में मनाते हैं और हमारी कामना है कि हमारी आत्मा और हमारी भावना अक्षय हो.
गत 22 मार्च से प्रतिदिन मैं आपको Facebook/WhatsApp/Twitter के माध्यम से, संकट की इस घड़ी में, हमारे क्लब द्वारा किए गए कार्यों के साथ-साथ कोरोना के खिलाफ इस जंग के महायोद्धाओं के प्रति अपने एवम् आपसबों के तरफ से उनको कृतज्ञता अर्पित करता आया हूं. आज से मैं कुछ ऐसे ही सामाजिक संस्थाओं की कड़ी आरंभ करने जा रहा हूं जो गत 1 महीने से शहर के जरूरतमंदों एवम् गरीबों के बीच हमारी तरह कार्य को कर रहें है. एक खास बात यह है कि इन संस्थाओं का कोई न कोई सदस्य हमारे क्लब से भी जुड़ा हुआ है.

आज हम 21वें किरदार के रूप में इन्हीं सामाजिक संस्थाओं में से एक के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे, वह है
**Round Table India, Ranchi**
इनके सदस्यों को हमारा नमन
यह एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है और 52 देशों में इसकी शाखाएं हैं. भारत में इस संस्था के सदस्यों ने गत 29 मार्च से देश के 93 शहरों में रोजाना अप्रवासी मजदूर, रोज कमाने वाले, गरीबों को और अन्य जरूरतमंदों के बीच **Round Table India Kitchen** आरंभ किया. इसी के तहत Round Table India रांची शाखा के **अनिरुद्ध बुधिया** जो रांची क्लब के भी सदस्य हैं, अपने रेस्टोरेंट **Ruin House** में 2000 लोगों को रांची के उपायुक्त के साथ मिलकर **Hunger Helpline** से जुड़कर भोजन देने का कार्य आरंभ किया. उनके रेस्टोरेंट में भोजन बनाने की सुविधा होने के कारण प्रतिदिन यहां 10000 लोगों का भोजन बनाया जा रहा है. इनके कार्यों को देखते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने Ruin House जाकर उन्हें और सुविधा देकर CM Kitchen का नाम दिया. Round Table India Ranchi ने कल तक करीब 2 लाख लोगों के बीच भोजन वितरित कर चुका हैं.
इनके इस कार्य में लगे Ruin House के 27 स्टाफ मेंबर, वहां के **Head Chef Clifford Rozario** का भी आभार.
इस कार्य में लगे **मनप्रीत सिंह राजा, राहुल अग्रवाल, सिद्धार्थ चौधरी, शुभम साबू, कुशलेश चौधरी, मयंक जयसवाल, राहुल अग्रवाल, गगन गिरधर, कुणाल जैन, आदित्य खेमका, अभिषेक कुमार, एवम् अजीत कुमार** का भी आभार जो प्रतिदिन आकर इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं.
**आप सबों को हमारा सलाम🙏**

आज प्रतिदिन की तरह रांची क्लब ने 820 लोगों को भोजन एवम् 250 राशन के पैकेट्स वितरित किए. हमारे पुलिस के जवानों को जूस भी वितरित किया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**
पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य
*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**27 April 2020**

**मित्रों**

इस सुहाने मौसम के बीच आइए हम अपनी कृतज्ञता की कड़ी में विश्व के सबसे बड़े संगठन

**"राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ"**

के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों और प्रकल्पों का 22वें किरदार के रूप में आभार व्यक्त करते हैं. देश में जब कभी भी संकट या आपदा आई है तो **RSS** एकमात्र ऐसा संगठन है जो सबसे पहले बड़-चड़ कर अपनी सेवा समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों में प्रदान करती है. मुझे गर्व है कि मैं इस संगठन का एक साधारण सा स्वयंसेवक हूं और मेरे पिता स्वर्गीय **सीताराम जी मारू** ने 1946 में इस क्षेत्र में संघ की शाखा आरंभ की थी. कल ही परम पूज्य सरसंघचालक **माननीय मोहन भागवत जी** ने देशवासियों के बीच इस संकट की घड़ी में अपने प्रेरणादायक विचार रखें. उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन एवम् समाज के लोग अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाए और सेवा कार्य बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी लोगों के लिए करें. जिन्हें मदद की आवश्यकता है वह सभी अपने हैं और उनमें कोई अंतर नहीं करना चाहिए. अपने लोगों की सेवा उपकार नहीं है, बल्कि हमारा कर्तव्य है और उन्होंने कहा कि परस्पर सद्भाव, संवाद और शांति से ही हम इस संकट पर विजयश्री हासिल करेंगे.

**मित्रों, इस समय संघ के कई प्रकल्प पूरे देश में सेवा का कार्य कर रहे हैं. जो इस प्रकार है -**

** 55 हजार के करीब सेवा स्थान*

** 3 लाख के करीब सेवारत कार्यकर्ता*

** 34 लाख के करीब जरूरतमंदों के बीच राशन किट का वितरण*

** 2 करोड़ 17 लाख तैयार भोजन का वितरण*

** 30 लाख मास्क का वितरण*

इसके अलावा रांची में **सेवा भारती** ने गत 28 मार्च से अभी तक करीब 24 हजार लोगों को 18 सेवा बस्तियों में दोपहर का गर्म भोजन दीया. प्रतिदिन 1000 अभावग्रस्त, गरीब, लाचार वृद्ध, दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों को सामाजिक दूरी का ध्यान रखते भोजन दिया जा रहा है.

इस कार्य में प्रेरणा देने वाले **माननीय गुरुशरण जी** के साथ गिरीश मल्होत्रा, चंद्रकांत रायपत, अरुण सिन्हा, राजीव कुमार, संजय मोहन ठाकुर के अलावा स्थानीय युवा कार्यकर्ता भी अपनी सहभागिता निभा रहे हैं.

संघ की अन्य संस्था जिसमें **वनवासी कल्याण केंद्र और संघ विचारधारा की संस्कृति विहार (सूर्य मंदिर)** से भी राशन के पैकेट का वितरण हो रहा है.

**आप सबों को हमारा नमन**🙏

आज रांची क्लब ने भी 820 लोगों को भोजन एवम् 260 राशन के पैकेट्स वितरित किए. साथ-साथ सुरक्षा में लगे हमारे जवानों को पूरे शहर में जगह-जगह जाकर जूस का भी वितरण किया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम का एक सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**28 April 2020**

मित्रों

सनातन धर्म की जड़ों को सींच कर एक विशाल वटवृक्ष बना देने वाले आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती पर शत-शत नमन.

आज भी हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक और महत्वपूर्ण संस्था के प्रति अपने 23वें किरदार के रूप में अपनी कृतज्ञता अर्पित करेंगे वे है

**" एकल अभियान "**

1988 में धनबाद के कोयला खदान के मालिक और समाजसेवी स्वर्गीय **मदन लाल जी अग्रवाल** और उनके कुछ सहयोगियों के द्वारा एकल कार्यक्रम की शुरुआत करी गई थी. कुछ वर्षों बाद इसे विश्वव्यापी बनाने के लिए एकल अभियान का नाम दिया गया और इस अभियान के संस्थापक **माननीय श्यामजी गुप्त** ने इसे देश के हर गांव तक पहुंचाने का एक लक्ष्य रखा. इस अभियान का एक अति महत्वाकांक्षी प्रकल्प है एकल विद्यालय. देश के हर गांव में एक शिक्षक का विद्यालय हो जहां भारतीय संस्कृति और संस्कारों के अनुसार शिक्षा दी जाय, इस अभियान का लक्ष्य है. इसमें हमारे क्लब के वरिष्ठ सदस्य **श्री विजय मारू** Ekal Vidyalaya Foundation of India के ट्रस्टी हैं और अभी All India Communication Chief हैं तथा **श्रीमती उषा जालान** दक्षिण छोटानागपुर की केंद्रीय प्रतिनिधि के रूप मैं कार्य कर रही हैं.

आज एकल विद्यालय की संख्या पूरे देश में एक लाख के करीब है, जिसमें 7500 विद्यालय झारखंड में है जिनका संचालन रांची से होता है.

**<u>संकट की इस घड़ी में एकल अभियान भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.</u>**

* 2 लाख 25 हजार लोगों में भोजन का वितरण
* 76 हजार परिवारों के बीच राशन पैकेट्स का वितरण
* 15 हजार गायों को आहार का वितरण
* 3 लाख 50 हज़ार मास्क, अपने 28 स्किल सेंटर में बनाकर गांव में वितरण
* इस वक्त देश के 2 लाख 19 हज़ार गांवों तक कार्यकर्ताओं की पहुंच
* 1 लाख 8 हजार गांव में स्वच्छता, हाथ धोना, दो गज दूरी है जरूरी और स्वदेशी काढ़ा बनाकर पीने की जानकारी देखकर ग्रामवासियों को जागरूक करना.

झारखंड के 18766 गांव में इस बीमारी के प्रति वहां के लोगों को जागृत करना एवम् मास्क वितरण का कार्य किया जा रहा है. साथ ही साथ गांव में लॉकडाउन के अवधि में नियमों का पालन और बाहरी व्यक्ति के प्रवेश में अंकुश लगाने का कार्य कार्यकर्ता द्वारा किया जा रहा है.

इस कार्य में रांची की **श्रीमती रेखा जैन, बबीता जालान, राज जैन, सुनीता महनसरिया के साथ श्री सतीश तुलसियान, बासुदेव भाला, रमेश धरणीधरका, मनोज तुलसियान, मुकेश अग्रवाल** आदि सदस्यों की अहम भूमिका है.

**आप सब को हमारा नमन** 🙏

आज रांची क्लब से 820 लोगों को भोजन एवम् 313 राशन के पैकेट्स और जवानों के बीच जूस का वितरण किया गया.

आज में **महेशवरी सभा,** रांची का भी उल्लेख करना चाहूंगा जहां 781 लोगों को भोजन वितरित किया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम ,
माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*

**29 April 2020**

**मित्रों**

आज हमने भारत के एक बेहतरीन फिल्मी अभिनेता **इरफान खान** को खो दिया. हमारी भावभीनी श्रद्धांजलि. आपके उत्कृष्ट अभिनय के माध्यम से आप सदैव हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे.

आज कृतज्ञता की कड़ी में 24वें किरदार के रूप में हम आभार व्यक्त करेंगे रांची की एक प्रमुख सामाजिक संस्था

**"श्री माहेश्वरी सभा "**

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष श्री श्यामसुंदर सोनी एवं महामंत्री श्री संदीप काबरा के आह्वान पर पूरे देश में आपदा की इस घड़ी में इन की शाखाएं मुंबई, जयपुर, दिल्ली, नागपुर, बेंगलुरु, इंदौर, पटना के अलावा झारखंड में रांची और जमशेदपुर में अपने सेवा कार्य में लगी है.

लॉकडाउन आरंभ होने के 1 दिन पहले यानी 24 मार्च से रांची में सबसे पहले श्री माहेश्वरी सभा ने गरीबों और जरूरतमंदों के बीच निशुल्क गर्म भोजन देने का काम आरंभ किया जो आज तक जारी है. रांची क्लब की तरह श्री माहेश्वरी सभा के पास भी भोजन बनाने की व्यवस्था थी. इस संस्था से भी हमारे वरिष्ठ सदस्य श्री मधु महेश्वरी, जुगल किशोर मारू, पुरुषोत्तम साबू, अजय साबू, हरी साबू एवं युवा सदस्य दीपक, मनीष, राहुल और गौरव मारू और अन्य कई जुड़े हुए हैं.

हम सब को ज्ञात है कि पिछले 7 वर्षों से यह संस्था **अन्नपूर्णा सेवा** के नाम से प्रतिदिन 500 लोगों को मात्र **₹10 में 6 रोटी, सब्जी और अचार** उपलब्ध कराती आई है. इन वर्षों में करीब 10 लाख लोगों को यह भोजन की

सुविधा इस दर पर दी है.

आज के समय भी प्रतिदिन सुबह-शाम मिलाकर 1 हज़ार के करीब गरीब और जरूरतमंदों के बीच निशुल्क भोजन का वितरण कर रही है और अभी तक 30 हज़ार लोगों को भोजन देने का काम किया. शाम को चाय और रात को दूध भी निशुल्क दिया जाता है. सभा के बगल में नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल में मरीजों के बीच भी दूध का वितरण निशुल्क किया जाता है.

आज से प्रशासन के आग्रह पर 400 लोगों को खिचड़ी भेजी गई. समस्त समाज की सोच को सार्थक करने में दिशा देने वाले संस्था के अध्यक्ष शिवशंकर साबू, सचिव नरेंद्र लाखोटिया के साथ पूर्व अध्यक्ष राजकुमार मारू, वासुदेव भाला, मुकेश काबरा, अशोक सोढानी, राजेश हुरकट, रमन बोराः, विजय शंकर साबू , अजय साबू , दुर्गादास दरगढ़, भरत बगड़िया एवं संस्था के कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है.

**आप सबों को हमारा नमन** 🙏

आज से रांची क्लब में पका हुआ खाना बनना बंद हो गया. 169 राशन के पैकेट तथा जवानों के बीच जूस का वितरण किया गया.

महेश्वरी सभा से 400 लोगों के लिए खिचड़ी प्रशासन के सहयोग से भेजी गई और 840 लोगों को भोजन दिया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम एवम् माहेश्वरी सभा का सदस्य

Follow me on Twitter : ajaymaroo

# 30 April 2020

**मित्रों**

आज हमने अपने समय के सुपरस्टार **ऋषि कपूर,** जिन्होंने **मेरा नाम जोकर** फिल्म में बाल कलाकार के रूप में अपना फिल्मी सफर आरंभ किया था, उनको खो दिया. उन्होंने न जाने कितनी फिल्मों में अभिनय कर हमारे दिलों में अलग जगह बनाई थी. उनको विनम्र श्रद्धांजलि.

आज कृतज्ञता की कड़ी में 25वें किरदार के रूप में हम ऐसे समाज का आभार व्यक्त करेंगे जो न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में सेवाभाव के लिए अपनी अलग पहचान बनाई है और वें हैं

**हमारा सिख समाज**

सिख समाज, रांची द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा के पहले दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमिटी के प्रमुख मनजिंदर सिंह सिरसा और उनके सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहेंगे जो आज इस संकट की घड़ी में दिल्ली में गुरुद्वारों के लंगर के माध्यम से प्रतिदिन 1लाख 25 हज़ार लोगों को भोजन करा रहे हैं.

सबसे खास बात तो **गुरुद्धारा श्री बंगला साहिब** की है जो आम दिनों में तो 30000 लोगों को लंगर खिलाते हैं, अभी की विशेष परिस्थिति में प्रतिदिन 50000 लोगों को यह व्यवस्था दे रहे हैं. यही नहीं, उन्होंने अपना गेस्ट हाउस राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग अस्पताल के डॉक्टर्स और नर्सेस के लिए समर्पित किया है.

आज से 3 दिन पहले वहां एक अद्भुत नजारा था, जिसकी जानकारी मुझे **माननीय प्रधानमंत्री** के ट्वीट से मिली. सिख समुदाय द्वारा संकट की इस घड़ी में किए गए कार्यों के लिए **दिल्ली पुलिस** की टीम ने अपने वाहनों से पूरे गुरुद्वारे की परिक्रमा कर उनके जज्बे को सलाम करके एक नई मिसाल पेश की.

आज **रांची** में भी सिख समुदाय द्वारा तीन गुरुद्वारों से सेवा का कार्य किया जा रहा है. जिसमें पहला नाम है **गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा,** मेन रोड. यहां भी 25 मार्च से जरूरतमंदों के बीच भोजन और घर-घर जाकर राशन बांटने का कार्य किया जा रहा है. वहां के कार्यकर्ता बकरी बाजार, पहाड़ी टोला, नामकुम, डोरंडा, हटिया, कडरू, टिपुदाना आदि इलाकों में अपनी सेवा दे रहे हैं.

इस कार्य में गुरमीत सिंह, हरजीत सिंह, गुरजीत सिंह, तेजेंद्र सिंह मक्कड़ और सिख समाज के कई व्यक्ति लगे हुए हैं. शहर के अन्य दो गुरुद्वारों का जिक्र हम कल करेंगे.

**आप सबों को हमारा नमन🙏**

आज **रांची क्लब** से 521 राशन के पैकेट्स और जवानों के बीच जूस का वितरण हुआ.

**माहेश्वरी सभा** ने प्रशासन के अनुरोध पर दो स्थानों में 450 लोगों को खिचड़ी बना कर भेजा. साथ साथ भवन से 996 लोगों को भोजन दिया गया. शाम को 125 लोगों को गर्म दूध एवं 200 ब्रेड पैकेट्स का भी वितरण किया गया.

**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है**

**- अजय मारू**

पूर्व सांसद और रांची क्लब हेल्पिंग हैंड टीम एवम् माहेश्वरी सभा का सदस्य

*Follow me on Twitter : ajaymaroo*